# देश देख रहा है विपक्ष का तमाशा : शिवराज

## टीएमसी ने किसानों को योजनाओं से वंचित कर पाप किया : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली, 10 मार्च. आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल सरकार और विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि टीएमसी की सरकार ने सस्ती और घटिया राजनीति के लिए गरीब किसानों को केंद्र की महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित कर पाप किया है।**

उन्होंने कहा कि देशभर में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हो रहा है, लेकिन ममता बनर्जी सरकार ने केवल प्रधानमंत्री के नाम से आपत्ति के कारण योजनाएँ लागू न कर किसानों के साथ खुला अन्याय किया है, जिसका जवाब पश्चिम बंगाल की जनता चुनाव में देगी। पश्चिम बंगाल पर सीधा हमला- किसानों के साथ पाप किया है।



### सरकार बदलेगी तो सब योजनाएँ लागू होंगी

शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि टीएमसी सरकार की वजह से पश्चिम बंगाल के गरीब किसान केंद्र की कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित हैं, लेकिन जैसे ही राज्य में सरकार बदलेगी, भाजपा की सरकार सभी योजनाएँ पूरी ताकत से लागू कर किसानों को उनका हक दिलाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का लक्ष्य भारत को दुनिया का फूड बास्केट बनाना और वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ वैश्विक खाद्य सुरक्षा में योगदान देना है, जबकि विपक्ष और टीएमसी केवल नारेबाजी और अवरोध की राजनीति कर रहे हैं, जिसे जनता लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं करेगी।

## सरकार ने छीन ली है लोकसभा अध्यक्ष की आजादी - प्रियंका



**नई दिल्ली, 10 मार्च.** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष नाम की संस्था की आजादी खत्म कर दी है लेकिन विपक्ष उसे बचाने में लगा है. उन्होंने कहा कि इसी मसले पर व्यापक चर्चा के मकसद से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है. श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार ने अध्यक्ष की स्वतंत्रता छीन ली है. ये लोग हर संस्था को खत्म करने की कोशिश करते हैं. उन्होंने कहा हम हर उस संस्था को बचाने के लिए लड़ रहे हैं, जिनके ऊपर भारत का लोकतंत्र टिका हुआ है. भाजपा के लोगों को यही बातें पचती नहीं हैं, इसलिए वे सदन को मुद्दों से भटकाने की कोशिश करते हैं. मेरी दादी इंदिरा जी कहती थीं- कोई नकली बनने की कोशिश करे या झूठी इमेज दिखाए, देश की जनता उसकी सच्चाई जान ही जाएगी. उन्होंने सदन के बाहर भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा मेरे भाई राहुल गांधी हमेशा सच बोलते हैं. वो देश में एक ही व्यक्ति हैं, जो मोदी सरकार के आगे झुके नहीं हैं.

# ईसी तत्काल कार्रवाई करे : सुको

## विसंगतियों की सुनवाई के लिए बनेंगे अपीलीय न्यायाधिकरण

**नई दिल्ली, 10 मार्च. उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से बाहर किये गये लोगों की शिकायतों की सुनवाई के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण गठित करने का आदेश दिया है. इन न्यायाधिकरणों में उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और पूर्व न्यायाधीश शामिल होंगे.**

न्यायालय ने मंगलवार को एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र की गैरहाजिरी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कुछ पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और दो-तीन पूर्व न्यायाधीशों (कलकत्ता उच्च न्यायालय या पड़ोसी राज्यों को प्राथमिकता के साथ) के नामों की सिफारिश कर सकते हैं. एक बार नाम सामने आने के बाद, निर्वाचन आयोग इन्हें



अपीलीय न्यायाधिकरण के रूप में अधिसूचित करेगा. वे तब एसआईआर प्रक्रिया मामले में आयी अपीलों की सुनवाई करेंगे. उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए.

इससे पहले, राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच जारी खींचतान को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने बंगाल और पड़ोसी राज्यों के न्यायिक अधिकारियों को एसआईआर दावों के निपटारे के लिए तैनात करने का निर्देश दिया था.

### विवादित अध्याय पर एनसीईआरटी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोज: भारत और उससे आगे' के विवादित अध्याय को लेकर बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगी है. विवाद अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ था, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार और लंबित मामलों से जुड़े संदर्भ शामिल थे. पूरी किताब फिलहाल वापस ले ली गई है और इसे उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है.

# अफगानिस्तान पर हमलों को लेकर भारत सख्त

### निर्दोषों को मारा जा रहा है-हरीश

**न्यूयॉर्क।** 10 मार्च. **संयुक्त राष्ट्र में भारत ने अफगानिस्तान की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए वहां हुए पाकिस्तान की तरफ से हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन पर किए गए ये हवाई हमले अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और किसी भी देश की संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।**

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव की हालिया रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा से हुए नागरिक हताहतों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। भारत इस चिंता का समर्थन करता है और सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून तथा मानवीय कानून के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन करने की अपील करता है, ताकि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

भारत ने अपने बयान में आतंकवाद को पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा बताया। पार्वथनेनी हरीश ने कहा कि आईएसआईएल और अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों के साथ-साथ उनके सहयोगी संगठनों के खिलाफ वैश्विक स्तर पर समन्वित कार्रवाई बेहद जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और उनके सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट का जिक्र करते हुए कहा कि इन संगठनों और इनके समर्थकों को सीमा पार आतंकवाद फैलाने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर कार्रवाई करनी होगी।

### 185 नागरिकों की मौत पर भारत की चिंता

भारत ने कहा कि पवित्र रमजान के महीने में हुए इन हमलों में बड़ी संख्या में निर्दोष नागरिक मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के अनुसार 6 मार्च 2026 तक 185 निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं। इसके अलावा इन हमलों की वजह से एक लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं।

## कश्मीर में रुक-रुक कर बारिश

**श्रीनगर,** 10 मार्च. कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार को रुक-रुक कर बारिश हुई और मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में अधिक बारिश तथा बर्फबारी की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में घाटी के अधिकांश मौसम स्टेशनों पर बारिश दर्ज की गई। प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 12.8 मिमी वर्षा हुई। वहीं दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में 11.6 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि श्रीनगर में 3.0 मिमी वर्षा हुई। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा में 2.8 मिमी हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि कोकरनाग में इसी अवधि के दौरान 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

**नागपुर, 10 मार्च। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्लूसीएल) में दिनांक 1 मार्च 2026 को वीमेन इन पब्लिक सेक्टर द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के उपलक्ष्य में 'नारी गौरव सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस सुश्री रश्मिता राव, पुलिस उपायुक्त, नागपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस श्री लोहित मतानी, पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक एवं साइबर), नागपुर, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री संदीप परांजपे एवं सी.वी.ओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती रीना पांडे एवं श्रृति परांजपे तथा डब्लूपीएस की जनरल सेक्रेटरी (अपैक्स) एवं मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन) अनुपमा टेमुर्निकर की भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रश्मिता राव, पुलिस उपायुक्त, नागपुर ने अपने संबोधन में देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी के महत्व को बताया। उन्होंने कई कामयाब महिलाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है। डब्लूसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि आज का यह दिवस, महिलाओं द्वारा हासिल की गई सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का है।

## एक नजर में

### पूजा के दौरान मंदिर में बम विस्फोट

**ढाका।** बांग्लादेश में पिछले एक सप्ताह में हिंदू समुदाय पर कई हमलों की घटनाएँ सामने आई हैं। कॉक्स बाजार और बोगुरा में दो हिंदू युवकों की हत्या कर दी गई, जबकि कुमिल्ला के एक मंदिर में पूजा के दौरान बम विस्फोट हुआ, जिसमें पुजारी सहित चार लोग घायल हो गए। गत दिनों दक्षिण ठाकुरपाड़ा इलाके में स्थित शनि देव की पूजा चल रही थी। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने मंदिर परिसर में देसी बम फेंक दिए। विस्फोट में मंदिर के पुजारी सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। रिपोर्ट के मुताबिक एक नकाबपोश व्यक्ति मंदिर में दाखिल हुआ और विस्फोट से पहले एक बैग छोडकर चला गया। पहले धमाके के बाद हमलावरों ने पास के एक बौद्ध मंदिर और एक निजी कार्यालय के पास भी दो और बम फेंके। हिंदू संगठनों ने इन घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी हो, प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू की जाए।

### इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 10 मार्च.** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने निजी कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. एयरलाइन ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि निदेशक मंडल ने श्री एल्बर्स का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. वह आज कार्यावधि की समाप्ति के साथ पद मुक्त हो जायेंगे. निदेशक मंडल की बैठक शाम 5.30 बजे शुरू हुई और मात्र 15 मिनट चली. अंतरिम व्यवस्था के तहत कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया उनकी जगह एयरलाइंस के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगे.

### अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी में तीन गिरफ्तार

**नयी दिल्ली, 10 मार्च.** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है. जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब दो करोड़ रुपये कीमत है. पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की इंटर-स्टेट सेल ने उस सूचना के आधार पर की, जिसमें बताया गया था कि उत्तर प्रदेश से दिल्ली-एनसीआर के लिए एक बड़ी ड्रग खेप लाई जा रही है. अपराध शाखा के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि 22 फरवरी को सूचना मिली थी कि संदिग्ध तस्कर फईम बेग आनंद विहार रेलवे स्टेशन अंडरपास के पास हेरोइन की बड़ी खेप पहुंचाने वाला है.

# तेल सप्लाई रोकी तो बीस गुना हमला होगा : ट्रंप

## ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को रोकने पर दी धमकी

**वाशिंगटन,** 10 मार्च. **युद्ध के 11वें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ईरान को चेतावनी दी कि यदि उसकी सेनाएं होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से होने वाले तेल के परिवहन को रोकती हैं, तो उन पर बीस गुना अधिक भयानक हमला किया जाएगा। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अगर ईरान ऐसा कुछ भी करता है जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य के भीतर तेल का प्रवाह रुकता है, तो अमेरिका उन पर अब तक हुए हमलों की तुलना में बीस गुना अधिक जोर से हमला करेगा।**

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, अमेरिका आसानी से नष्ट होने वाले लक्ष्यों को खत्म कर देगा, जिससे ईरान के लिए एक राष्ट्र के रूप में फिर से खड़ा होना लगभग असंभव हो जाएगा। वहीं तेहरान, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत का अनुभव कड़वा रहा है और अब उसके साथ नए सिरे से कूटनीतिक वार्ता की संभावना नहीं है. श्री अराघची ने साक्षात्कार में अमेरिका पर विश्वासघात और सैन्य आक्रामकता का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिकियों से बातचीत करने का सवाल अब एजेंडे में होगा.

### जल्द समाप्त होगा ईरान युद्ध -डोनाल्ड



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष पर महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा है कि युद्ध लगभग पूरा हो चुका है और अमेरिका अपने निर्धारित समय से काफी आगे चल रहा है। श्री ट्रंप ने फ्लोरिडा के डोराल में मीडिया को संबोधित करते हुए दावा किया है कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका और इजरायल ने ईरान के पांच हजार ठिकानों पर हमले किए हैं। युद्ध को लगभग पूरा हो जाने की बात बताने के कुछ घंटों बाद फ्लोरिडा में फिर से ईरान के विषय पर बोलते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हमने एक छोटी यात्रा की क्योंकि हमें लगा कि कुछ बुराई को खत्म करने के लिए ऐसा करना जरूरी था।

### ईरान पर सबसे बड़ा हमला आज : अमेरिकी रक्षा मंत्री

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान की चेतावनी दी है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पेट हेग्सेठ ने कहा है कि मंगलवार को ईरान पर अब तक के सबसे बड़े और सबसे तीव्र हमले किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस सैन्य कार्रवाई में बड़ी संख्या में फाइटर जेट और बमवर्षक विमान शामिल होंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने दावा किया कि युद्ध के दौरान ईरान की सैन्य क्षमताएं कमजोर होती जा रही हैं और उसे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर ईरान की ओर से भी जवाबी कार्रवाई जारी है, जिससे पूरे मध्य पूर्व में स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है।

### ट्रम्प के ऐलान से गिरे तेल के भाव

**तेहरान/तेल अवीव/वाशिंगटन, 10 मार्च।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में 100 डॉलर को पार कर चुकी कच्चे तेल की कीमतें गिरकर 90 डॉलर के नीचे आ गई हैं जिसमें दावा किया गया है कि ईरान के खिलाफ अभियान पूरा हो चुका है और युद्ध जल्द समाप्त होगा। फ्लोरिडा के डोराल में मीडिया को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कहा किया है कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका और इजरायल ने ईरान के पांच हजार ठिकानों पर हमले किए हैं।

## ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं सरकार : केजरीवाल

नई दिल्ली, 10 मार्च. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपनी किसी मजबूरी के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं और देश उसी की सजा भुगत रहा है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को कहा, देश भर में, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर बाकी सभी व्यावसायिक संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं। आप संयोजक ने कहा, सरकार अपनी किन्हीं मजबूरियों के कारण श्री ट्रम्प के सामने नतमस्तक हैं।


## नाम परिवर्तन

मैं, दक्ष मनीष शर्मा ,निवासी - 746/1a, रामनगर, सरस्वती स्कूल के पास, महर्षि महेश योगी वार्ड न.57, अधारताल, जबलपुर का रहने वाला हूँ , मैंने अपना नाम बदल कर दक्ष शर्मा व अंग्रेजी में DAKSH SHARRMA कर लिया है



## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur - 492010 (CG) Phone: (0771) 2252700
Email: registrar@nitrr.ac.in | Website: www.nitrr.ac.in

No./NITRR/R-1/Advt./2026/777 Raipur, Date:10/03/2026

### भर्ती सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान रायपुर (छ.ग.) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। संस्थान में निम्नलिखित गैर शैक्षणिक पद की भर्ती हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप (निर्धारित फार्म की हार्ड कापी) में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

| नियमित नियुक्ति | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं | पद का नाम | वेतन लेवल (7वें वेतन आयोग) | पद संख्या अना. | कुल संख्या |
| 1 | प्रधान तकनीकी अधिकारी (आईसीटी) | वेतन लेवल-14 | 1 | 1 |

कृपया विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट https://nitrr.ac.in/advertisement.php का अवलोकन करें। आवेदन शुरू होने की तारीख 10.03.2026 है। आवेदन पत्र एवं संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 15.04.2026 (शाम 5 बजे) है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि भर्ती संबंधी जानकारी हेतु संस्थान की वेबसाइट https://nitrr.ac.in/advertisement.php का अवलोकन नियमित रूप से करते रहें।

**कुलसचिव** (प्रभारी)



## M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 - A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No. : 2001/GM/MPBDC/CW/26/NIT-78 Bhopal, Dated : 10.03.2026

### NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites Online Tenders for the following works :-

1. New Furniture for MPBDC office at Second Floor and Third Floor of CEDMAP Building Arera Hills, Bhopal **PAC :- Rs. 57.99 Lakhs**
2. Construction of Integrated aquapark and Research center at Bhadbhada Fisheries Area, Bhopal M.P. (3rd Call) **PAC :- Rs. 3,165.38 Lakhs**
3. Construction of new Building in Govt. College at Hanumana, Dist. Mauganj (M.P.) **PAC :- Rs. 1,348.85 Lakhs**
4. Construction of Government Law College Dist. Agar Malwa M.P. **PAC :- Rs. 1,555.24 Lakhs**
5. Construction of 50 bedded Boys and 50 Girls bedded Hostel at Sandeepani School Anjaniyan, Dist. Mandla M.P. **PAC :- Rs. 367.76 Lakhs**
6. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Pansemal, District Badwani M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
7. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Dhulkot, Dist. Khargone M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
8. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Pandhana, District Khandwa M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
9. Construction work of Kanya Shiksha Parisar at Punasa, District Khandwa M.P. **PAC :- Rs. 2,974.16 Lakhs**
10. Construction of Kanya Shiksha Parisar at Sardarpur, Dist. Dhar M.P. **PAC :- Rs. 2,974.09 Lakhs**
11. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Katni M.P.(2nd Call) **PAC :- Rs. 439.34 Lakhs**
12. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Mandsaur M.P. (2nd Call) **PAC :- Rs. 449.16 Lakhs**
13. Construction of Indoor Hall and Boundary Wall at Dist. Narmadapuram M.P. **PAC :- Rs. 384.51 Lakhs**
14. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. ABV Arts and Commerce College, Dist. Indore M.P. **PAC :- Rs. 204.77 Lakhs**
15. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Sehore M.P. **PAC :- Rs. 621.34 Lakhs**
16. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Raisen M.P. **PAC :- Rs. 494.82 Lakhs**
17. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Rajgarh M.P. **PAC :- Rs. 299.28 Lakhs**
18. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Vidisha M.P. **PAC :- Rs. 458.2 Lakhs**
19. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Datia M.P. **PAC :- Rs. 571.19 Lakhs**
20. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Seoni M.P. **PAC :- Rs. 850.74 Lakhs**
21. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Hamidia College, Dist. Bhopal. **PAC :- Rs. 537.55 Lakhs**
22. Construction of Outdoor stadium at Bareli Dist. Raisen M.P. (**2nd Call**) **PAC :- Rs. 237.83 Lakhs**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for from **16.03.2026 at 18:00 hrs. to 07.04.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 01 to 02), 13.03.2026 at 18:00 hrs. to 06.04.2026 at 15:30 hrs. (for S. No. 03 to 22) from website www.mptenders.gov.in The bidders have to submit the Bids online only** from Website **www.mptenders.gov.in**. PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/124855/2026 **MANAGING DIRECTOR**



## कोल्हापूर महानगरपालिका
(शहर पाणी पुरवठा ड्रेनेज विभाग)

### ई जाहीर निविदा नोटीस क्र. १३५/२०२५-२६

सर्व ठेकेदार यांना कळविणेत येते की, महानगरपालिका प्रोत्साहन अनुदान अंतर्गत कोल्हापूर शहरातील विविध ठिकाणचे जुने नादुरुस्त व्हॉल्व बदलणे तसेच पाणी पुरवठा व ड्रेनेज अनुषंगाने इतर कामे या कामाकरीता महा ई निविदा मागविणेत येत आहेत. या कामांची सविस्तर तपशिल www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर उपलब्ध आहेत.

➢ निविदा फॉर्म प्राप्त करणेचा, बयाणा रक्कम भरणेचा व निविदा फॉर्म सादर करणेचा कालावधी दि. ११-०३-२०२६ पासून दि. २५-०३-२०२६ अखेर आहे.

सही/-
जल अभियंता
कोल्हापूर महानगरपालिका


'डिफेंस विजन' जारी — सेना को मल्टी-डोमेन फोर्स बनाने का रोडमैप जारी

# 2047 तक हाईटेक बनेगी सेना : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 10 मार्च। **2047 तक भारतीय सेना को आधुनिक, इंटीग्रेटेड और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया रणनीतिक रोडमैप, आत्मनिर्भर रक्षा और संयुक्त सैन्य क्षमता पर खास जोर। भारत की सैन्य ताकत को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप ढालने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को साउथ ब्लॉक में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए 'डिफेंस फोर्सेज विजन' नामक एक व्यापक रणनीतिक रोडमैप जारी किया। इस विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है, जिसका उद्देश्य भारतीय सेना को 2047 तक आधुनिक, इंटीग्रेटेड और अत्याधुनिक तकनीक से लैस फोर्स में बदलना है। यह रोडमैप भविष्य के युद्धों के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए सेना को मल्टी-डोमेन ऑपरेशन में सक्षम बनाने, नई तकनीकों को अपनाने और आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने पर जोर देता है। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने, स्वदेशी रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहन देने और सैन्य क्षमताओं के विकास के लिए स्पष्ट समयबद्ध योजना भी तय की गई है। सरकार का मानना है कि यह विजन भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल के जरिए न केवल सैन्य ताकत को मजबूत किया जाएगा.